# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
# ग्रामीण निर्माण विभाग (पी0एम0जी0एस0वाई0)
# प्रखण्ड कर्णप्रयाग।

Phone/Fax- 01363-244843 E-Mail- eepmgsykaranprayag1@rediffmail.com

पत्रांक 49 /चार–प्रावि0/वन भूमि/पी0एम0जी0एस0वाई0/2019–20, दिनांक 16 /05/2020,

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
केदारनाथ वन्यजीव वन प्रभाग,
गोपेश्वर।

विषयः– **जनपद चमोली के अन्तर्गत बूंगीधार–मेहलचौरी–बछुवाबाण मोटर मार्ग कि.मी. 12 से कोलानी लिंक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.775 है0 वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भः– भारत सरकार दिनांक 27.04.2020

महोदय,

उपरोक्त विषयक भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के E.D.S दिनांक 27.04.2020 के क्रम में बूंगीधार–मेहलचौरी–बछुवाबाण मोटर मार्ग कि.मी. 12 से कोलानी लिंक मोटर मार्ग के वनभूमि प्रस्ताव पर इंगित कमियों की बिन्दुवार निराकरण कर सूचना निम्नानुसार हैः–

| S.n. | E.D.S. RO. | Reply by User Agency |
|---|---|---|
| 1 | In reply to point no. 1, the reason provided by the State Govt. is not justified. The proposal involve felling of large no. of Oak trees and as conveyed by the earlier observations, road is not justified beyond point 10 of the digital map. The State Govt. may revise the proposal accordingly. | उक्त सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मोटर मार्ग की लम्बाई 5.10 किमी0 प्रस्तावित है जिसमें लक्षित ग्राम कोलानी, गोगिना तोक एवं नौगॉव तोक को संयोजित किया जाना प्रस्तावित है। पी0एम0जी0एस0वाई0 के स्वीकृत कोर नेटवर्क के अनुसार तथा वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार ग्राम कोलानी की जनसंख्या 305 जनसंख्या है, जबकि बिन्दु संख्या 10 के बाद ग्रामसभा कोलानी के अन्तर्गत संयोजित होने वाली बसावट/तोको की वर्तमान जनसंख्या 285 है। पत्र पूर्व मे भी संलग्न कर प्रेषित किया गया है।<br>अवगत कराना है, कि दिनांक 14.02.2020 को उक्त संरेखण पर पुनः स्थलीय निरीक्षण हेतु विभाग की ओर से सहायक अभियन्ता इं0 नीरज चन्द्र ओली, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के साथ किया गया है, जिसके Geo-Tag Photographs पूर्व मे भी संलग्न कर प्रेषित किये गये है। निरीक्षण उपरान्त पाया गया कि जिसमें कुल भूमि 4.83 है0 के सापेक्ष 2.775 है0 वनभूमि तथा 2.055 है0 नापभूमि प्रभावित हो रही है।<br>अवगत कराना है, कि मार्ग के Geo-referenced map के बिन्दु संख्या 08 में ग्राम पंचायत कोलानी को संयोजित किया जायेगा, तथा मोटर मार्ग के Geo-referenced map के बिन्दु संख्या 05, 10, 13 एवं बिन्दु सं0 15 पर ग्राम पंचायत कोलानी के अन्तर्गत बसावट नौगॉव को संयोजित किया जायेगा। इसी प्रकार मोटर मार्ग के Geo-referenced map के बिन्दु संख्या 16 पर ग्राम कोलानी के अन्तर्गत मार्ग की अन्तिम बसावट गोगिना अवस्थित है, जिसमें अनुसूचित जाति के लोगों को भी संयोजित किया जाना प्रस्तावित है। यह भी अवगत कराना है, कि मोटर मार्ग के **Geo-referenced map के बिन्दु संख्या 10 से 15 के मध्य Elevation Difference लगभग 100 मी0 है तथा बिन्दु संख्या 10 से ऊपर अवस्थित नौगॉव की बसावट की Elevation Difference लगभग 350 मी0 है, यदि बिन्दु संख्या 10 तक ही मार्ग का निर्माण किया जाता है तो बसावट नौगॉव के लगभग 50 परिवार एवं मार्ग के अन्तिम बिन्दु पर अवस्थित अनुसूचित जाति के लोग मार्ग निर्माण के लाभ से वंचित रह जायेगे।**<br>**यह भी अवगत कराना है, कि डिजिटल मैप के बिन्दु संख्या 10 के बाद कुल 1.620 है0 भूमि एवं कुल 118 वृक्ष प्रभावित हो रहे है। जिसमें 42 वृक्ष बॉज प्रजाति के एवं शेष 76 अन्य प्रजाति के प्रभावित हो रहे है। कुल भूमि 1.620 है0 के सापेक्ष 0.7875 है0 वनभूमि (सिविल/आरक्षित) तथा 0.8325 है0 नापभूमि प्रभावित हो रही है। उक्त निरीक्षण उपरान्त पाया गया कि डिजिटल मैप के बिन्दु 10 के बाद कुल 02 बसावट/तोक अवस्थित है, जिनकी वर्तमान कुल जनसंख्या 285 है।**<br>उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है, डिजिटल मैप के बिन्दु संख्या 10 के आगे मार्ग निर्मित कर ग्राम पंचायत कोलानी के अन्तर्गत 01 प्राथमिक विद्यालय नौगॉव तोक एवं 01 जूनियर हाईस्कूल नौगॉव तोक को संयोजित किया जायेगा। उक्त जूनियर हाईस्कूल जो कि एक मतदान केन्द्र भी है। उक्त मोटर मार्ग के अन्तिम बिन्दु पर अवस्थित बसावट/तोक गोगिना को प्रस्तावित मार्ग की Kml File के माह अक्टूबर 2018 की Timeline में भी देखा जा सकता है **(जिसकी Hard Copy संलग्न है)।**<br>चूँकि पी0एम0जी0एस0वाई0 मानको के अनुसार लक्षित बसावट के साथ ही (विद्यालय/चिकित्सालय/पशुचिकित्सालय/ पोस्टऑफिस/पंचायत मुख्यालय/विद्युत/बैक इत्यादि को संयोजित किया जाना अतिआवश्यक है। उक्त जूनियर हाईस्कूल एक मतदान स्थल भी है। उक्त प्रश्नगत मार्ग के डिजिटल मैप के बिन्दु संख्या 10 के बाद ग्रामसभा कोलानी के अन्तर्गत लाभान्वित होने वाली बसावट/तोक एवं दूरी एवं वर्तमान जनसख्या का विवरण निम्नानुसार हैः– |

| क्र0 स0 | Geo-referenced map के बिन्दु संख्या 10 के बाद संयोजित होने वाली बसावट/सार्वजनिक स्थल/ विद्यालय | Geo-referenced map के बिन्दु संख्या 10 के बाद संयोजित होने वाली बसावट/सार्वजनिक स्थल की वर्तमान जनसंख्या | Geo-referenced map के बिन्दु संख्या 10 से संयोजित होने वाली बसावट/सार्वजनिक स्थल/ विद्यालय की दूरी |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राथमिक विद्यालय नौगॉव तोक | 0 | 500 मी दूरी पर है। |
| 2 | जूनियर हाईस्कूल नौगॉव | 0 | 500 मी दूरी पर है। |
| 3 | नौगॉव तोक (ग्राम कोलानी) | 232 | 600 मी दूरी पर है। |
| 4 | गोगिना तोक (ग्राम कोलानी) | 53 | 1700 मी दूरी पर है। |
| | योगः– | 285 | |

क्रमशः.........2

Scanned with CamScanner

उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है, कि क्षेत्र में मोटर मार्ग न होने से समस्त क्षेत्र विकास में बहुत पिछडा है, तथा वहाँ बसी जनसंख्या का ना ही सामाजिक एवं आर्थिक उथान हो पाया है, सामान्य दैनिक कार्यो व खाद्य सामग्री इत्यादि हेतु ग्रामीणों को 03 से 04 किमी0 की पैदल दूरी तय करने के साथ सामग्री सिर/पीठ पर ढोकर लानी पडती है, अस्वस्थ्य व्यक्तियों तथा महिलाओ के प्रसव आदि की स्थिति में मोटर मार्ग न होने के कारण समय पर चिकित्सा लाभ नहीं मिल पाता है, जिससे जानमाल का संकट उत्पन्न हो जाता है, स्थानीय ग्रामवासियों के अनुसार मोटर मार्ग न होने के कारण महिलाओं को प्रसव आदि के लिए ले जाते समय कतिपय महिलाओं द्वारा रास्ते में ही दम तोड दिये है, इसलिए उक्त मोटर मार्ग का निर्माण जनहित में किया जाना अतिआवश्यक है।

**अतः उक्त परियोजना से ग्रामसमा कोलानी, गोगिना तोक एवं नौगॉव तोक को सयोजित कर कुल 305 (जनसंख्या 2001 की जनगणना के अनुसार) की आबादी मोटर मार्ग से लामान्वित किया जाना है, जबकि मोटर मार्ग के** Geo-reference map **के बिन्दु संख्या 10 के बाद ग्राम कोलानी के अन्तर्गत संयोजित होने वाली 02 तोकों की वर्तमान कुल जनसंख्या 285 है। इसलिए उक्तानुसार अनुरोध है, कि जनहित में प्रस्तावित मार्ग के वनभूमि प्रस्ताव पर स्वीकृति हेतु पुनः विचार कर स्वीकृति हेतु अग्रसारित करने का कष्ट करे।**

भवदीय,

अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण निर्माण विभाग,पी0एम0जी0एस0वाई0
प्रखण्ड कर्णप्रयाग।

Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner